प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

विधानसभा

बीते 10 मार्च को शिमला में शुरू हुए प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज आखिरी दिन है। आज के समेत बजट सत्र में 15 बैठकें होंगी। होली के चलते एक बैठक स्थगित कर दी गई थी। आज 11 बजे प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री प्रतिवेदनों की प्रति सभा पटल पर रखेंगे। इस के उपरांत कांगड़ा के विधायक पवन काजल नियम 62 के तहत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान विभिन्न विधेयकों पर विचार विमर्श एवं पारण किया जाएगा। अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता.............

तबादला

प्रदेश सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर 4 आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए हैं। इनमें 3 एडीजी और एक डीआईजी शामिल हैं। सिविल सेवा बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर अजय कुमार यादव को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध के साथ ही विधि मामलों और दोषसिद्धि से जुड़े मामलों की निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। वे विशेष कार्य बल के कार्यों को भी देखेंगे। ज्ञानेश्वर सिंह के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सीआईडी जबकि जय प्रकाश सिंह को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सशस्त्र पुलिस और प्रशिक्षण कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं अंजुम आरा को उप पुलिस महानिरीक्षक दक्षिणी रेंज शिमला के पद पर नियुक्ति दी गई है।

आरएसबाली

जिला कांगड़ा के राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले के उपलक्ष्य पर वीरवार को पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की अगुवाई में ठारू से नगरोटा बस स्टैंड तक चामुंडा देवी, ब्रजेश्वरी माता तथा नारदा–शारदा मंदिर की ज्योतियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं। इस अवसर पर बाली ने कहा कि मेले हमारी पुरातन संस्कृति के संवाहक रहे हैं और लिदबड़ मेले के ऐतिहासिक स्वरूप को संरक्षित करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले में स्थानीय कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर दिया गया है।

दृष्टिहीन संघ

बैकलॉग कोटे की भर्तियां करने की मांग को लेकर दृष्टि बाधित संघ ने कल सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। हिमाचल दृष्टिबाधित संघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने धक्का मुक्की में उनके दो साथियों को सड़क से नीचे फैंक दिया। जिसमें उनके एक साथी की टांग टूटी है और आईजीएमसी में उसका उपचार चल रहा है।

एक महिला भी चोटिल हुई हैं। उन्होंने कहा है कि अगर सरकार बातचीत से उनकी मांगो का हल नहीं निकालती है तो दृष्टिबाधित आज और उग्र रूप से चक्का जाम करेंगे।

बाइट —— राजेश ठाकुर, अध्यक्ष दृष्टिबाधित संघ

<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से...</u>

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने शिमला विधानसभा में चल रहे बजट सत्र, केग रिर्पोट और भाजपा के सरकार के खिलाफ धरना प्रर्दशन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने केग रिर्पोट की खबर को प्रमुखता देते हुए शीर्षक दिया है—कहां किए खर्च 2 हजार 7 सौ 95 करोड़ नहीं दिया हिसाब, ओपीएस से बिगड़ेगी आर्थिक स्थिती।

दिव्य हिमाचल, दैनिक भास्कर और पंजाब केसरी ने शिमला के चौड़ा मैदान में सरकार के खिलाफ भाजपा के प्रर्दशन को सचित्र प्रकाशित किया है अखबार लिखते है— शिमला में सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रर्दशन, शहर जाम, पुलिस की सभी तैयारियां फेल।

मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी की सुर्खी है—नशे की तस्करी में शामिल अधिकारी व कर्मचारियों पर एक माह में होगी कारवाई।

———————————————————